तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


4 सेमरसोत में पुलिया से नीचे गिरा ट्रेलर केबिन व क्लिंकर के नीचे दबकर दो की मौत














## कोतवाली के अंदर एसडीएम कर रहे थे दो कांग्रेस नेताओं की जमकर पिटाई

# एसडीएम की मनमानी, थाने के अंदर मारपीट का वीडियो बना रहे पत्रकार को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले में गुरुवार को एसडीएम ने कांग्रेस नेताओं और पत्रकार के साथ मारपीट की। एसडीएम जगरनाथ वर्मा ने बात करने के बहाने कांग्रेस नेताओं को कोतवाली थाने में बुलाया और खुद ही उनकी डंडे और लात जूते से पिटाई करनी शुरू कर दी। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे पत्रकार ने जब घटना का वीडियो बनाया तो एसडीएम ने पुलिसकर्मियों से पत्रकार को भी पकड़वा लिया।

**खास बात**

- वीडियो बनाता देख मोबाइल लूटने के बाद की पत्रकार की बेदम पिटाई

इस दौरान युवक बताता रहा कि वह पत्रकार व हृदय रोग का मरीज है लेकिन एसडीएम ने मोबाइल फोन छीन लिया और डंडे और लात से जमकर पिटाई कर दी। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित पत्रकारों के साथ ही नेताओं ने कोतवाली थाने का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। पत्रकार एसडीएम पर अपराध दर्ज करने और मोबाइल लौटाने की मांग कर रहे थे, देर शाम पत्रकार का मोबाइल लौटाया गया लेकिन एसडीएम द्वारा उसे पटककर तोड़ दिया गया था। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया तब मामला शांत हो सका। कांग्रेस ने ओड़गी क्षेत्र समेत जिले भर में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ताहीन ⏭ शेष पेज 4 पर



पत्रकार की पिटाई करते एसडीएम।



थाने के सामने टायर जलाकर धरना-प्रदर्शन करते नगरवासी।

### जा रहे थे शपथ पत्र बनवाने

बताया जा रहा है कि अनवर खान हृदय रोग के मरीज हैं और हाल ही में उन्होंने अपना ऑपरेशन कराया था। अनवर खान आज अपने मोहल्ले की एक बच्ची को लेकर उसका शपथ पत्र बनवाने के लिए जा रहे थे लेकिन थाने में हो रही घटना को देखकर वे रुक गए। उन्होंने बच्ची को बाइक के पास सड़क किनारे खड़ा किया और फिर वीडियो बनाने लग गए। जब एसडीएम उन्हें मार रहे थे तो उन्होंने बताया भी कि वे हृदय रोग के मरीज है लेकिन एसडीएम नहीं माने। इस घटना के दौरान बच्ची सड़क किनारे खड़े होकर घटना को देख रही थी और भागकर उनके घर पहुंची और घटना की जानकारी दी। मारपीट की घटना के बाद अनवर बेहोश भी हो गए थे। फिलहाल अनवर खान का एसपी के निर्देश पर मुलाहिजा कराया गया है जिसमें उन्हें अंदरूनी चोटें आई हैं। इसके साथ ही चिकित्सक ने उनका ईसीजी कराने की सलाह दी है।

### टायर जलाकर किया प्रदर्शन

पत्रकार के साथ एसडीएम द्वारा बुरी तरह की गई मारपीट की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में जिलेभर के पत्रकार थाने के सामने एकत्रित हो गए और थाने का घेराव कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर एसडीएम जगरनाथ वर्मा के खिलाफ प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के कारण सड़क पर आवागमन ठप हो गया। प्रदर्शनकारी एसडीएम पर अपराध दर्ज करने के साथ ही पत्रकार का मोबाइल फोन लौटाने की मांग कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसएसपी एमआर आहिरे थाना पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बातकर शाम तक एसडीएम पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसएसपी के आश्वासन उपरान्त आंदोलन को समाप्त किया गया। इस दौरान पत्रकार अनवर खान द्वारा थाने में एसडीएम के खिलाफ लिखित शिकायत की गई है। एसएसपी के निर्देश पर पत्रकार व दोनों कांग्रेस नेताओं का मुलाहिजा कराया गया है। पत्रकारों ने एसडीएम पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में जिला व पुलिस प्रशासन के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है।

### की जाएगी कार्रवाई

प्रथम दृष्टया एसडीएम की गलती सामने आई है। इस मामले में अपर कलेक्टर से रिपोर्ट मांगी गई है। जांच रिपोर्ट के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-रोहित व्यास**
कलेक्टर सूरजपुर

### टूटा मोबाइल लौटाया

घटना के दौरान एसडीएम द्वारा लूटे गए मोबाइल फोन को देर शाम वापस लौटाया गया लेकिन मोबाइल फोन को पूरी तरह से तोड़ दिया गया है और संभावना है कि तोड़ने से पहले उसके अंदर मौजूद डाटा को भी डिलीट कर दिया गया है लेकिन पत्रकार के साथ हुई घटना का वीडियो वायरल हो गया।

### पुलिस बल तैनात

घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मच गया। घटना के बाद दूसरे जिलों से भी पुलिस बल को बुलाया गया और कलेक्टर, एसपी कार्यालय कोतवाली में पुलिस बल को तैनात किया गया। इस दौरान दिन भर जिले में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। समाचार लिखे जाने तक एसडीएम के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं किया गया था और ना ही किसी प्रकार की कार्रवाई की गई।



# गर्भवती महिला की हत्या, बगल में बेहोश पड़ा मिला तीन साल का बेटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम पलगी में एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत का मामला सामने आया है। गर्भवती महिला की लाश उसके घर के बाहर खून से लथपथ अवस्था में बरामद की गई है जबकि मृतका के बगल में उसका तीन वर्षीय पुत्र बेहोश पड़ा मिला। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है। वहीं इस मामले में मृतिका के परिजन ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत त्रिकुंडा के ग्राम पलगी निवासी रवि सोनी का विवाह वर्ष 2020 में सीमा सोनी से हुआ था। सीमा और रवि सोनी का तीन वर्षीय पुत्र हिमांशु सोनी है जबकि महिला गर्भवती है। बुधवार को मृतिका का पति रवि सोनी अपनी मां व छोटे भाई के साथ ग्राम बगरा गया हुआ था। इस दौरान रात लगभग 8 बजे जब तीनों वापस लौटे तो घर से लगे दुकान के बाहर मृतिका की लाश खून से लथपथ अवस्था में पड़ी हुई थी जबकि तीन वर्षीय बच्चे हिमांशु सोनी भी बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। बच्चे के हाथ, सिर और आंखों के पास चोट के निशान हैं। ऐसे में उन्होंने रात लगभग 1.30 बजे घटना की जानकारी त्रिकुंडा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी और लाश को रामानुजगंज पीएम के लिए भेजा गया जबकि बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल बच्चे की हालत सामान्य है। आज गर्भवती महिला का पुलिस द्वारा पीएम कराया गया और लाश को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इधर इस घटना के बाद मृतिका के माता पिता पति, सास व देवर ⏭ शेष पेज 4 पर

- संदिग्ध परिस्थितयों में घर के बाहर मिली लाश, पति, सास व देवर गए थे बाहर, त्रिकुंडा का मामला

*अम्बिकापुर। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 5 जुलाई को जपंअंबिकापुर के ग्राम पंचायत परसा में किया जाना है। जिस हेतु जनपद के सीईओ ने ग्राम पंचायत परसा के सरपंच एवं सचिव को पत्र जारी कर शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा कोटवार से मुनादी करवाने कहा है, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर में उपस्थित हों।







## खबर संक्षेप

### बिना सुरक्षा उपकरण के काम कर रहे सफाई कर्मी

**मनेन्द्रगढ़।** बिना सुरक्षा उपकरण के काम कर रहे सफाई कर्मी, उनकी सेहत सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस संबंध में भाजपा के पूर्व महामंत्री रामचरित द्विवेदी ने रोष जताते हुए कहा कि नगर पालिका को गरीब सफाई कर्मचारियों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए, उन्हें समय-समय पर रैनकोट, मास्क, गलब्स व जूते दिए जाने चाहिए, जिससे कि वह गंभीर बीमारियों से बच सके। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में स्वच्छता अभियान के तहत शहर को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए नगर पालिका ने शहर के हर वार्ड में सफाई कर्मचारी तैनात कर रखे हैं, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के कारण यह सफाई कर्मी बिना सुरक्षा उपकरण के शहर की गंदगी को साफ कर रहे हैं। विभाग द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त उपकरण नहीं मिलने के कारण सफाई कर्मियों में गंभीर बीमारी लगने का भय हर समय-समय बना रहता है।

## विधायक राजवाड़े ने किया बुढ़ार में नए 33/11 केवी उपकेन्द्र का लोकार्पण

# 40 गांव की दूर होगी बिजली समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अक्सर ग्रामीणों को लो वोल्टेज और पावर कट की समस्या से जूझना पड़ रहा था, इसलिए यहां उपकेन्द्र की मांग की जा रही थी, जिसे देखते हुए इसका शुभारंभ किया गया है। इससे क्षेत्र के 40 ग्रामों के हजारों ग्रामीणों को सब स्टेशन का लाभ मिलेगा। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े ने बुढ़ार में नवीन 33/11 केवी उपकेन्द्र के लोकार्पण अवसर पर कही। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, जनपद

- अब लो वोल्टेज की परेशानी भी खत्म होगी





फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक भईया लाल राजवाड़े। उपकेन्द्र बुढ़ार।

अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, बुढ़ार सरपंच पूरन पैकरा प्रमुख रुप से मौजूद रहे। जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत बुढ़ार में 338.41 लाख की लागत से निर्मित नवीन 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय विधायक द्वारा किया गया। ग्राम बुढ़ार में नवीन वितरण केन्द्र खुलने से करीब 40 गांवों के ग्रामीण जन को बिजली समस्याओं से राहत मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि ग्राम पंचायत बुढ़ार में विद्युत केन्द्र खुलने से हर घर बिजली पहुंचेगी तथा कई गांव बिजली की समस्या से वर्षों से जूझ रहे थे इससे रौशनी पहुंचेगी और गांव का विकास भी होगा, अब लो वोल्टेज की समस्या भी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द चिरमी में 33/11 नवीन विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण होने जा रहा है, इससे लगभग 20 ग्रामों के 7189 उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा साथ ही विद्युत संबंधित तकनीकि खराबियों की शिकायत पर जल्द ही समस्याओं का निराकरण होगा। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री रमेश ठाकुर, कार्यपालन यंत्री परियोजना नवजोत सिंह आयाम, कार्यपालन यंत्री डीके शर्मा, एई लोकेश जागड़े, जेई केशव चंद्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### चिरमी में जल्द होगा लोकार्पण

विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री के अधोसंरचना योजनांतर्गत नवीन 33/11 केवी उपकेन्द्र चिरमी का शीघ्र लोकार्पण होगा। इस सब स्टेशन के शुरू हो जाने से दर्जनों गांव के लोगों को लो वोल्टेज समेत बिजली की अन्य समस्याओं से निजात मिलेंगी। चिरमी में नए सब स्टेशन के लोकार्पण की खबर से इस क्षेत्र के ग्रामीणों खुशी का माहौल भी व्याप्त है।

## कटकोना कॉलरी खदान में कॉपर केबल चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

कटकोना कॉलरी के खदान में हुई कॉपर केबल चोरी के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 9 मार्च को प्रार्थी राम कुमार सूर्यवंशी पिता स्व. धर्मजीत सूर्यवंशी उम्र 55 वर्ष निवासी कटकोना कॉलिरी ने पटना थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि कटकोना के जंगल में स्थित खदान नंबर 03 एवं 04 में 2 मार्च को अज्ञात लोगों द्वारा खदान के विद्युत पावर स्टेशन के अंदर ट्रांसफर में लगे कॉपर केबल को चोरी करने से उद्देश्य से मुझे एवं मेरे गॉर्ड साथी को पावर सप्लाई में लगे जमफर को काटने के लिए बोला गया, हमारे द्वारा मना करने पर मेरे और गॉर्ड को डंडे से मारकर एक कमरे में बंद कर दिए और पावर सप्लाई काटकर सब स्टेशन के अंदर लगे ट्रांसफार्मर के कॉपर केबल लगभग 40 मीटर चोरी कर ले गए हैं। चोरी की रिपोर्ट पर पटना थाने में अपराध क्रमांक 56/2024 धारा 458 एवं 380, 34 भादवि का अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया।

- गॉर्ड से मारपीट कर कमरे में बंद कर दिए थे चोर

विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा चोरो की पतासाजी की जा रही थी, इस पर 2 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि चोरो के द्वारा चोरी किए गए सामग्री को बेचने की तैयारी कर रहे हैं और मोटर सायकल से चोरी की सामग्री को अपने निवास से लेकर चरचा की ओर जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम चोरो के निवास स्थान पूटा तुम्मीवारी बसोरपारा पहुंची और चारों आरोपियों कुंवर सिंह बसोर पिता जगेश्वर उम्र 26 वर्ष, करन बसोर पिता चन्दर प्रसाद बसोर उम्र 24 वर्ष, मुकेश कुमार पिता चुठ्ठुल राम बसोर उम्र 37 वर्ष तीनों निवासी पूटा तुम्मीवारी, पटना एवं मुकेश बसोर उर्फ छत्तर पिता मटूक लाल उम्र 32 वर्ष निवासी सलका बैकुंठपुर को गिरफ्तार किया गया और चोरी की गई कुछ सामग्री भी उनके घर से बरामद की गई।

**न्यायालयः- श्रीमान् जिला न्यायाधीश अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग.**

प्रो.नं. 1410/24
वि. व्य. वाद क्र. 31/2024
आगामी पेशी तिथि- 03.08.2024

मो. एहसान अंसारी वगै.
प्रति
शाखा प्रबंधक वगै.

**आम सूचना/ईश्तहार**

बनामः-
आम जनता

इस समंश/नोटिस के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदकगण ने वि. व्य. वाद. क्र.- 31/2024 मो. एहसान अंसारी बगै. प्रति शाखा प्रबंधक वगै., में धारा 29 सरंक्षक एवं प्रतिपाल्य अधि. 1890 के अंतर्गत आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है कि अवयस्क आवे. मो. एहसान अंसारी एवं उसके पिता अब्दुल मुनाफ के संयुक्त स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 2784/10 रकबा 0.012 हे. रसूलपुर प.ह.न. 15 रा.नि.म. अम्बिकापुर की वादभूमि को बैंक में बंधक रखकर लोन की अनुमति प्रदान किया जाये।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि आवेदन पर किसी प्रकार की आपत्ति हो तो आप पेशी दिनांक 03.08.2024 के सुबह ठीक 11:00 बजे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

आपको ताकीद किया जाता है कि यदि आप उक्त दिनांक पर हाजिर नहीं होते हैं, तो आपकी गैरहाजिरी में मुकदमें में सुनवाई हो कर फैसला किया जायेगा। यदि उक्त दिनांक-03.08.2024 को अवकाश होने से न्यायालय का कामकाज बन्द रहता है, तो अगले कार्य दिवस पर मामले की सुनवाई की जायेगी।

अतः आज दिनांक 03/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(राम कुमार तिवारी)
प्रधान जिला न्यायाधीश
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

### दीपिका ने एसडीएम का संभाला पदभार

**बैकुण्ठपुर।** जिला कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दीपिका नेताम को एसडीएम बैकुंठपुर बनाया गया है। इस आशय का आदेश कलेक्टर विनय लंगेह ने 3 जुलाई को जारी किया। इसके पश्चात गुरूवार को नए एसडीएम श्रीमती नेताम ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है, वहीं अपर कलेक्टर व बैकुंठपुर एसडीएम रही श्रीमती अंकिता सोम को उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी जिला खनिज न्यास संस्थान का दायित्व सौंपा गया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2**
**जिला- सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202406021700046/ब-121/2023-24

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सुभाष कुमार मण्डल आ. संतोष कुमार मण्डल, निवासी ग्राम डिगमा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम नेहरूनगर स्थित खसरा नंबर 50/1 रकबा 0.200 हे. भूमि में से 0.020 हे. अनावेदिका सावित्री मण्डल पति सुभाष कुमार मण्डल, निवासी ग्राम डिगमा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) को विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/07/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार,
अम्बिकापुर-02

## बारिश के कारण सड़क पर भरा पानी, बढ़ी परेशानी

**मनेन्द्रगढ़।** बारिश के बाद सड़क में जल जमाव के कारण जैन मंदिर चौक व भगत सिंह तिराहे में पानी जमा होने से लोग परेशान हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण जैन मंदिर चौक से स्कूल रोड जाने वाली मुख्य सड़क पर जल जमाव के कारण आमजन को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।

मुख्य रोड पर बारिश का जल जमाव हो जाने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कीचड़ जमा होने के कारण दुपहिया तथा तीन पहिया वाहन चालकों को भी परेशानी होती है, वहीं अगल-बगल में बसे लोगों को भी आने-जाने में परेशानी हो रही है। अधिक बारिश के कारण इस सड़क पर कीचड़ युक्त पानी जमा हो जाता है तथा जल निकासी का कोई मार्ग भी नहीं है। इस समस्या के निदान के लिए स्थानीय लोगों ने पूर्व में स्थानीय विधायक तथा स्थानीय पदाधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का निदान नहीं हो सका है। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव ने सड़क पर हो रहे जल जमाव तथा आवागमन में ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुए डीएम से पत्राचार कर जल निकासी की मांग की है। बारिश के पानी से होने वाले जल जमाव तथा जीर्णशीर्ण सड़क का जीर्णोद्धार किया जाए, ताकि आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।



## मुनाफा में प्रबंधन को हिस्सेदारी देनी ही होगी: हरिद्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा कॉलरी के साकेत सदन में एटक यूनियन का क्षेत्रीय सम्मेलन कामरेड महेश यादव की अध्यक्षता, एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एसईसीएल के केन्द्रीय महामंत्री हरिद्वार सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कंपनी के केन्द्रीय अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए क्षेत्रीय सचिव चिरमिरी लिंगराज नायक, क्षेत्रीय सचिव विश्रामपुर पंकज गर्ग, क्षेत्रीय अध्यक्ष मुख्ताक खान विशेष रूप से मंच पर मौजूद रहे। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए हरिद्वार सिंह ने भारत सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार का निशाना मजदूरों को तबाह करना है, उनके अधिकारों को खत्म करना है, कोल इंडिया में प्रबंधन मजदूरों के सुविधाओं में तेजी से कटौती कर रही है। उन्होंने कहा कि एसईसीएल ने 9200 करोड़ मुनाफा कमाया है।

हरिद्वार ने कहा मुनाफा में मजदूरों को हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, परंतु कंपनी में नागा करने के कारण 1600 मजदूरों को बर्खास्त कर दिया है। श्री सिंह ने उन्हें पुनः बहाल करने की मांग की। कोल इंडिया में एसईसीएल का विश्रामपुर क्षेत्र हैं, जहां एटक ने ठेका मजदूरों को 1199 रुपया प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी का भुगतान कराया है। यहां तक 1 करोड़ 30 लाख एरियर्स का भुगतान भी कराया है।

### मकान खाली कराने कलेक्टर से मिले कांग्रेसी

**मनेन्द्रगढ़।** जिला एमसीबी कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में झगराखांड में वर्षों से रह रहे व्यक्तियों के मकान ना खाली कराए जाने को लेकर कलेक्टर डी.राहुल वेंकट से मुलाकात की गई।

## चेंबर की बैठक, कई मुदों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रदेश,कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज जैन, प्रदेश मंत्री शंकर बजाज के मनेन्द्रगढ़ पहुंचने पर चेंबर के जिला इकाई के पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा प्रदेश से आए अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। रायपुर से आए चेम्बर पदाधिकारियों ने जिला एमसीबी मनेन्द्रगढ़ व्यापारियों की समस्याओं ध्यान पूर्वक सुना और उसे हल करने की बात कही।

श्री जग्गी ने बताया कि पिछले माह प्रदेश में जीएसटी आर 1 के लेट फीस के संबंध में व्यापारियों को नोटिस दिया गया। कार्यकारिणी को दिए पत्र से हमें जानकारी हुई कि ऐसे नोटिस स्टेट जीएसटी के द्वारा केवल छग में दिए गए हैं। हमने इसमें लगातार अधिकारियों से और विभागीय मंत्री से संपर्क करके रोक लगवाई। इसी प्रकार लोकल ट्रांसपोर्ट में ई वे बिल की छूट समाप्त होने से व्यापारियों में बहुत असमंजस और भय व्याप्त था। चेम्बर द्वारा फिलहाल कार्रवाई को स्थगित कराया गया है। जीएसटी के क्षेत्र 16(4) के तहत विलंब से रिटर्न भरने वाले व्यापारियों को इनपुट की पात्रता नहीं दी जा रही थी, इससे कई व्यापारियों के ऊपर लाखों - करोड़ तक के टैक्स के बकाया निकल गए। लगभग 400 की संख्या में पूरे देश में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में मामले पेंडिंग थे। हमने पिछले जीएसटी काउंसिल के मीटिंग में इस मुद्दे को रखवा कर इसकी पात्रता दिलवाकर समाधान दिलवाया।

### नर्सिंग की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मनेन्द्रगढ़।** एके इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग की बीएससी नर्सिंग छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्थान के संचालक डॉ. एके ओझा ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। मार्च 2024 में हुए यूनिवर्सिटी एग्जाम में एके इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग की बीएससी नर्सिंग छात्राओं ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया है। इसमें बीएससी नर्सिंग चतुर्थ ईयर में रश्मि महार 70 प्रतिशत प्रथम स्थान पर, दीपिका अहिरवार 69 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर, बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए कुमारी प्रियंका भूटिया ने संस्था का नाम रोशन करते हुए 78 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी बबली पैकरा 76 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं कुमारी रोज मेरी पन्ना 72 प्रशित अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही है। कुमारी प्रियंका लकड़ा 72 प्रतिशत एवं मनीष 70 प्रतिशत के साथ उत्तम प्रदर्शन उत्तर्ण हुए हैं। सभी छात्रों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम रोशन किया है। संस्था संचालक डॉ.अखिलेश कुमार ओझा, संस्था प्राचार्य एवं शिक्षक समूह ने सभी छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। साथ ही भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

**छ.ग.स्टेट पॉवर डिस्ट्री.कं.लिमि.अंबिकापुर (छ.रा.वि.मं., की उत्तरदायी कम्पनी)**

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, विद्युत लाइनों एवं उपकरणों को आवश्यक सुधार एवं रखरखाव हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में अंकित तिथि एवं समय पर विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | समय | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06.07.24 | प्रातः 9.00 बजे से 11.00 बजे तक | 11 के.व्ही. महामाया फीडर | रसूलपुर, मोमीनपुरा, महामाया रोड इत्यादी। |
| | | | 11 के.व्ही. तकिया फीडर | मायापुर, चाँदनी चौक, जरहा गढ़ एवं आसपास का क्षेत्र। |
| | | | 11 के.व्ही. बस स्टेण्ड फीडर | राजधानी पेट्रोल पंप, मिन्तनगर,नूरानी मजिद एव आस पास का क्षेत्र। |
| | | प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नमनाकला एवं इण्डस्ट्रीयल एरिया | 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र नमनाकला एवं इण्डस्ट्रीयल एरिया से विद्युत आपूर्ति करने वाले समस्त क्षेत्र जैसे-गांधी चौक, आकाशवाणी चौक, जोड़ा पीपल, केदारपुर, भटटी रोड, मिशन हस्पीटल, त्रिकोण चौक एवं पहुना दुकान, देवीगंज रोड़, सत्तीपारा, एम.जी. रोड़ राजेन्द्र नगर, घड़ी चौक, सुभाषनगर, गांधी नगर इत्यादी) |
| 2 | 07.07.24 | प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नमनाकला एवं इण्डस्ट्रीयल एरिया | 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र नमनाकला एवं इण्डस्ट्रीयल एरिया से विद्युत आपूर्ति करने वाले समस्त क्षेत्र जैसे- गांधी चौक, आकाशवाणी चौक, जोड़ा पीपल, केदारपुर, भटटी रोड, मिशन हस्पीटल, त्रिकोण चौक एवं पहुना दुकान, देवीगंज रोड़, सत्तीपारा, एम. जी. रोड़ राजेन्द्र नगर, घड़ी चौक, सुभाषनगर, गांधी नगर इत्यादी। |

नोट- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
**स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ**
**"विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है, असुविधा से बचने के लिए समय पर विद्युत बिल का भुगतान करे।"**

**कार्यपालन यंत्री (शहर) संभाग**
**छ.स्टे.पॉ. डि.क.लि.,अंबिकापुर**

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
रायपुर के सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ... डॉ बी.बी. कुमार MBBS, MD (Medicine) Rheumatology
छ ग के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ... डॉ मनीष चौरसिया एम.सी.एच. न्यूरोसर्जन
रायपुर के सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ... डॉ निहार गुप्ता MBBS, MD FICH Hematologist
छ ग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक... डॉ गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ... डॉ पुष्पेन्द्र नायक गैस्ट्रोसर्जन
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छ ग के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ.. डॉ अंशु शेखर MBBS, MS (Orthopaedic)
चर्म रोग, गुप्त रोग, कुष्ठ रोग, बालों एवं त्वचा शल्य चिकित्सक डॉ निश्चल श्रीवास्तव MD, Dermatology, Venereology & Leprology
छ ग के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन... डॉ आशु जैन MS, MCH, FHU, Neurosurgery
07 जुलाई 2024 प्रत्येक माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

डॉ.कल्पना दाश M.B.B.S., M.D., DM (ENDO) अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
डॉ.दीपक अग्रवाल हड्डी रोग विशेषज्ञ एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
दिनांक - 14 जुलाई 2024, दिन रविवार समय - सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्चुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ.तुषार जैन M.B.B.S, M.D (पल्मोनरी मेडिसीन) (सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वांस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टीबी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 7 जुलाई 2024, दिन रविवार समय - सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870 समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 जुलाई, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
दिनांक 19 जुलाई 2024 दिन - शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

मानसिक एवं न्यूरों रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
दिनांक - 7 जुलाई 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL
24/7 EMERGENCY SERVICE
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 7 जुलाई 2024, रविवार
डॉ. निहार गुप्ता MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
AMBULANCE
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विषेशज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai) Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल SRS HOSPITAL न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

KRTC.CO.IN
2008 से संचालित
ACCREDITED WITH GRADE B+ NAAC
के आर टेक्निकल कॉलेज (A POST GRADUATE COLLEGE)
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध और उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से अनुमोदित
DCA BCA BSC BIO BSC MATH BSC COMPUTER SCIENCE MCOM MSW MSC BOTANY MSC ZOOLOGY
BCOM BBA BA PGDBM PGDCA MSC MATH MSC CS MSC IT MSC CHEMISTRY
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
प्रवेश के लिए कॉल करें : 8435061866, 9926020334, 9926513170
प्रवेश के लिए संपर्क करें : पं. शिवधारी कॉलोनी, फारेस्ट ऑफिस के पास, प्रतापपुर रोड, अंबिकापुर, सरगुजा, छत्तीसगढ़

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री ने किया पार्षद अरविंद को पुरस्कृत

**प्रतापपुर।** राजधानी रायपुर में प्रतापपुर के समाजसेवी, भाजपा कार्यकर्ता व पार्षद अरविंद जायसवाल को उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया।



अरविंद जयसवाल ने बताया कि हर व्यक्ति को जनता एवं जरूरतमंदों की सेवा करना चाहिए। सेवा से बढ़कर कोई भी पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि यह कार्य करने की प्रेरणा उनके माता-पिता से मिली। विधायक शकुंतला सिंह ने उनके कार्यों को सराहा है।

### श्रमिक संगठनों की सदस्यता सत्यापन की तिथि 19 व 20 जुलाई को

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल में प्रतिवर्ष होने वाले यूनियन सदस्यों के सदस्यता सत्यापन के लिए गुरुवार को जेसीसी की हुई बैठक में तिथि तय कर दी गई है। पूर्व में तीन दिनों तक होने वाले सत्यापन को इस वर्ष दो दिनों में संपन्न करने का निर्णय लिया गया है,गुरुवार को जेसीसी की संपन्न हुई बैठक में प्रबंधन के अधिकारियों व यूनियन के श्रमिक नेताओं के बीच इस बात की सहमति बन गई है जिसके बाद आगामी 19 व 20 जुलाई को सदस्यता सत्यापन का कार्य संपन्न होगा।बता दें कि बिश्रामपुर में वर्तमान में ढाई हजार के करीब अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं।क्षेत्र में पांच यूनियनों में भारतीय मजदूर संघ,एटक, एचएमएस, सीटू व इंटक सक्रिय है।यूनियनों द्वारा प्रबंधन के पास अपने सदस्यों की सूची जमा की जाती है ,बाद में प्रबंधन के समक्ष उक्त कोल कर्मियों को हाजिर होकर सदस्यता राशि जिस यूनियन को देना होता है उसके पक्ष में अपनी सहमति देता है ,कर्मचारी के सहमति के बाद श्रम संघ की निर्धारित सदस्यता राशि प्रबंधन कर्मचारी के वेतन से कटौती कर संबंधित यूनियन के बैंक खाते में जमा कराती है।बीएमएस,एटक, एचएमएस,इंटक यूनियन सदस्यता राशि चेक ऑफ सिस्टम से लेती है जबकि वाम दल समर्थित यूनियन सीटू अपने सदस्यों से नगद में सदस्यता राशि लेती है। गुरुवार को आयोजित हुई जेसीसी की बैठक में क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक व उनकी पूरी टीम सहित पांचों यूनियन के जेसीसी के सदस्य व अन्य पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति पर पूर्व अधिष्ठाता डॉ. सिंह को दी गई विदाई



**अम्बिकापुर।** राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के पूर्व अधिष्ठाता एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.वीके सिंह को सेवा निवृत होने पर भावभीनी विदाई दी गई। डॉ.एसके सिन्हा की अध्यक्षता में समारोह आयोजित कर डॉ.सिंह को सम्मानित किया। अधिष्ठाता डॉ.सिन्हा ने डॉ.सिंह के राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केन्द्र में सेवा के 37 वर्षों के योगदान को कृतज्ञता के साथ स्मरण किया तथा कहा कि डॉ.सिंह ने पांच वर्षों तक डीन की प्रभावशाली भूमिका में शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई ऊँचाईयों पर पहुँचाया। उन्होंने कृषि महाविद्यालय कवर्धा एवं कोरिया में अधिष्ठाता के रूप में अपनी सेवा देकर महाविद्यलयों को नई ऊचाईयों पर पहंचाया। उन्होंने 80 से अधिक प्रभावशाली शोध पत्र के माध्यम से टिकाऊ कृषि पद्धतियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खरपतवार प्रबंधन और ऊपरी क्षेत्रों में धान की खेती कर उनके महत्वपूर्ण कार्यों से किसानों और शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य जानकारी और व्यवहारिक समाधान प्रदान किया है। उन्हें फसल अनुसंधान पुरस्कार, भारतीय दलहन अनुसंधान एवं विकास सोसायटी के फेलो जैसे कई सम्मान हासिल किए हैं। अनुसंधान कार्यों के अतिरिक्त वे एसजीजीयू कार्यपरिषद सदस्य और मदनमोहन मालवीय मिशन के उपाध्यक्ष के साथ ही सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे है। अब तक वे 400 से अधिक व्याख्यान, 4 जर्नल एवं विभिन्न विषयों पर पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है। कृषि महाविद्यालय शंकरगढ़ के अधिष्ठाता डॉ.जीपी पैंकरा, कृषि महाविद्यालय कोरिया के अधिष्ठाता डॉ.डीके गुप्ता, बीज निगम के अधिकारी संजय सिंह एवं अशोक गुप्ता ने भी उनके कृतित्व एवं व्यक्तिव का स्मरण किया। इस अवसर पर संभागभर के कृषि विज्ञानिक व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** पिकअप की टक्कर व बाइक से गिरने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम भुलसी कला निवासी राजेश प्रजापति आ. पलाम प्रजापति (24 वर्ष) शहर में रहकर ऑटो चलाने का काम करता था। मंगलवार को ऑटो से नया बस स्टैंड जा रहा था और जैसे ही बस स्टैंड चौराहा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम भस्हा मुडा निवासी इन्द्रासो बाई पति स्व. नवल साय (65 वर्ष) 6 जून को पोता रवि सिंह के साथ बाइक से रूपए निकालने सूरजपुर बैंक आई थी। रुपए निकालने के बाद जब वापस घर लौटने लगे तभी सड़क पर कुत्ता से टकरा जाने से गिर गए। दुर्घटना में इन्द्रासो सिर में चोट लगने गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन घायल को बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा को मेडिलक कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वृद्धा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल से रायपुर रेफर कर दिया गया। परिजन गत दिन रायपुर से छुट्टी कराकर घर लेकर आ रहे थे तभी रास्ते में वृद्धा की तबीयत बिगड़ गई। परिजन वृद्धा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

---

### ट्रक चालकों की बढ़ी परेशानी, आए दिन होती है डीजल चोरी की घटनाएं

# पोड़ीमोड़-प्रतापपुर क्षेत्र में चोर गिरोह सक्रिय, टैंकर से 5 सौ लीटर डीजल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोड़ीमोड़

प्रतापपुर-पोड़ी बनारस मुख्य मार्ग पर एक बार फिर खड़े ट्रक से डीजल चोरी की घटना काफी बढ़ गई है। क्षेत्र में डीजल चोर इस कदर सक्रिय है कि हर दूसरे दिन वाहनों से डीजल चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देते है।

**खास बात**
- आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

बीती रात भी चोरों ने किराना दुकान के सामने खड़े दो टैंकर वाहन की डीजल टंकी का ताला तोड़ पांच सौ लीटर डीजल चोरी कर फरार हो गए। इधर वाहन चालक की शिकायत पर पुलिस आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

प्रतापपुर-पोड़ी मुख्य मार्ग से हर रोज बड़ी संख्या में सीमेंट, सरिया सहित अन्य सामान लोड कर ट्रक, हाइवा सहित बड़े वाहन आवागमन करती है। लम्बी दूरी तय करने पर चालक रास्ते में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे लेकर अपनी वाहन की टंकी को फूल कराकर निकलते है। अधिकांश वाहन चालक रात के समय सफर नहीं करते ऐसे में चालक रात बिताने के लिए वाहनों को ढ़ाबा या पेट्रोल पंप के समीप खड़ा कर सो जाते है। लंबे सफर करने तथा थकान होने से चालकों को जल्द ही नींद आ जाती है जिसका फायदा डीजल चोर गिरोह उठाते है। बीती रात भी पोड़ी मोड बनारस मुख्य मार्ग किराना दुकान के सामने खड़े दो टैंकर वाहन से अज्ञात लोगों ने 5 सौ डीजल चोरी कर फरार हो गए। ट्रक चालक मुकेश पासवान व मुकेश साहू ने बताया कि ट्रक क्रमांक यूपी 62 टी 7047 व ट्रक क्रमांक 62 बीटी 29577 से गढ़वा की ओर से मध्य प्रदेश अमलाई जाने के लिए निकले। रात हो जाने तथा नींद लगने पर दोनों वाहन को पोड़ी मोड़ किनारा दुकान के सामने खड़ा कर सो गए। सुबह उठे तो देखा दोनों वाहन के डीजल टंकी का ताला टूटा और लगभग 50 हजार कीमत के 5 सौ लीटर डीजल गायब थे। चालकों ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। वाहनों से डीजल चोरी होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। सड़क किनारे खड़े कई भारी वाहनों से डीजल चोरी की घटनाएं पूर्व में हो चुकी है। आए दिन हो रही डीजल चोरी की घटनाओं से वाहन चालक परेशान है।



दुकान के सामने खड़े चोरी हुई डीजल टैंकर।

#### आरोपियों की तलाश जारी

पोड़ी मोड़ किराना दुकान के सामने खड़े दो टैंकर वाहनों से डीजल चोरी होने की शिकायत मिली है। दुकान के सीसीटीवी फुटेज में कुछ युवक डीजल चोरी करते नजर आए है। फुटेज के आधार में चोरों की तलाश जारी है।

-**अरुण नेताम**, एसडीओपी प्रतापपुर

#### सीसीटीवी में कैद

एक साथ दो वाहनों से डीजल चोरी होने की जानकारी लगने पर जब किराना दुकान में लगाये गए सीसीटीवी कैमरा का फुटेज खंगाला गया तो देर रात 1.51 बजे कुछ युवक वाहन से पहुंच और सड़क किनारे खड़े टैंकर वाहन से डीजल चोरी करते नजर आए। हालांकि चोरों ने सीसीटीवी कैमरा को क्षतिग्रस्त कर दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

#### देर रात देते हैं घटना को अंजाम

डीजल चोर गिरोह इस कदर शातिर है कि डीजल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए समय निर्धारित कर रखे है। अब तक जितने भी डीजल चोरी की घटनाएं हुई है सभी रात 2 से 3 बजे के बीच हुई है और सीसीटीवी कैमरा में भी इसी समय चोरी करते हुए कई आरोपी सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए है। चोरों को भी मालूम है कि लम्बे समय पर निकले वाहन चालक थकान के कारण भोजन करने के कुछ समय बाद गहरी नींद में सो जाते है। जिससे डीजल चोरी करने के दौरान उन्हें कानो कान खबर नहीं लगती। चोर चार पहिया वाहन से पहुंचते है और घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते है। पूर्व में भी पुलिस ने डीजल चोर गिरोह को गिरफ्तार किया था।

---



## जर्जर सड़क की मरम्मत करना पहली प्राथमिकता : शकुंतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते द्वारा स्थानीय पत्रकारों के साथ सौजन्य भेट कर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए जो रोड मैप तैयार किया है इसके तहत प्रतापपुर से चंदौरा चौक की 7 किलोमीटर की जर्जर सड़क की मरम्मत करने पहली प्राथमिकता देते हुए कार्य शुरू कराया।

उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि रिंग रोड के कार्य के लिए भी प्रयासरत है। प्रतापपुर में ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है और बड़े वाहनों के आवागमन से दुर्घटना एवं लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी को समस्या के निराकरण करने निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि मालवाहक गाड़ियां रात्रि 8 से सुबह 5 बजे के बीच ही शहर के अंदर से होकर जाएगी इसके लिए शांति नगर चौक एवं चंदोरा चौक में निगरानी हेतु पुलिस ड्यूटी की व्यवस्था की जाएगी। विधायक ने कहा कि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना करना न करना पड़े इसके लिए बिजली व्यवस्था, नल जल पानी, शिक्षा व्यवस्था, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोकथाम सहित जनपद पंचायत प्रतापपुर, थाना, तहसील कार्यालय प्रतापपुर में गड़बड़ी करने पर अधिकारियों को भी जवाब तलब किया जाएगा। विधायक ने स्पष्ट कहा कि किसी प्रकार की भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रतापपुर के एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय में रिश्वतखोरी को लेकर ग्रामीण से शिकायत की गई जिस पर अधिकारियों को भी जमकर फटकार लगाई गई। इस दौरान कृष्ण मुरारी शुक्ला, राजेश गुप्ता, अवधेश पांडे, चंद्रिका कुशवाहा, मदन गर्ग, समलेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, जीशान खान, भाजपा मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, प्रफुल्ल गुप्ता पपल जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

## खाद-बीज दुकानों का कृषि अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



क्षेत्र में नकली खाद, बीज, दवा बिक्री का मामला धड़ल्ले से होने की खबर हरिभूमि द्वारा प्रमुख्ता से प्रकाशन किया। खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन हरकत में आया और कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश एवं जिले के उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में जिले में निरीक्षण दल गठन किया गया।

आज निरीक्षण दल ने प्रताप कृषि सेवा केंद्र केवरा में निरीक्षण किया जहां कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं कीटनाशक नियम 1971 के तहत अनियमितता पाए जाने पर जब्ती सुपुर्दगी कर कीटनाशक दवाओं पर प्रतिबंध एवं नोटिस जारी कर 3 दिवस के अंदर जवाब मांगा गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही बीज अधिनियम 1966 एव आदेश 1983 के तहत बीज लाइसेंस में बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के बिक्री पाए जाने पर नोटिस एवं 30 दिनों के लिए प्रतिबंध किया गया है। राजू कृषि सेवा केंद्र बुंदिया में भी उर्वरक एवं बीज विक्रय पर अनियमितता एवं बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र, बिना पॉस मशीन के उर्वरक विक्रय करने पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। दीपक कृषि सेवा केंद्र सरहरी में बिना लाइसेंस के कीटनाशक बिक्री पाए जाने पर प्रतिबंधित एवं नोटिस जारी 3 दिवस में जवाब मांगा गया है। इस दौरान निरीक्षण दल में दुरेश साय पैकरा, संदीप सिन्हा, सतेंद्र भगत, धीरेंद्र कुशवाहा, संजय मिंज, नरेंद्र गुप्ता शामिल थे।

### ग्रामीण के आंगन में खड़ी बाइक को ले गए चोर

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के कंदरई देवल्लापारा मोहल्ला निवासी अमर देव पिता हंकार सिंह के आंगन में खड़ी की गई बाइक सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 29 ए एफ 8954 को अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।घटना दो दिन पहले 2 जुलाई की बताई गई है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम आसनडीन निवासी कपाल आ. स्व. कलीलाल (19 वर्ष) 30 जून की शाम गांव में कीटनाशक पीकर घर पहुंचा और मां को कीटनाशक पी लेने की बात बताई। परिजन उसे धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

---

## डोरी बिनने निकला ग्रामीण तीन दिनों तक भटकता रहा जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को डोरी बिनने निकला ग्रामीण तमोर पिंगला अभ्यारण्य अंतर्गत पिंगला जंगल में भटक गया। वह तीन दिनों तक घने जंगल में भटकता रहा। पिछले दो दिनों से ग्रामीण की तलाश में जुटे वनकर्मियों ने गुरूवार को उसे बकराअण्डा धाम के निकट सकुशल बरामद किया।

- वन अमले ने गुरूवार को किया सकुशल बरामद

रमकोलो निवासी मो.नासिर आ.हुसैनी (70वर्ष) 1 जून को सुबह 8 बजे तमोर पिंगला अभ्यारण्य में महुआ बीज संग्रहण करने निकला था। इस दौरान वह घने जंगल में भटक गया। देर शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन ने वन अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर वन अधिकारियों ने वनपाल, हाथी मित्रमंडल एवं सुरक्षा श्रमिकों की टीम बनाकर भटके ग्रामीण को तलाशने के लिए निर्देशित किया तथा आसपास के गांवों में मुनादी कराई। वनकर्मी दो दिनों तक आसपास के जंगल में ग्रामीण को तलाशते रहे लेकिन उसका पता नहीं चला। गुरूवार को वनकर्मी पिंगला जंगल स्थित बकराअण्डा मार्ग के आसपास के ग्रामीण को तलाश रहे थे। बकराअण्डा धाम के निकट एक ग्रामीण को पेड़ के नीचे बैठे देख वनकर्मियों से पूछताछ की तो वह लापता ग्रामीण निकला। वनकर्मियों ने ग्रामीण को बिस्किट खिलाया तथा वाहन से स्वास्थ्य केन्द्र ले गए तथा उपचार उपरांत उसे घर पहुंचाया। जंगल में 65 हाथियों के अलग-अलग मौजूद होने के कारण वन अधिकारी ग्रामीण की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित थे। ग्रामीण को सकुशल उसके घर पहुंचाने के बाद वनकर्मियों ने राहत की सांस ली।



---

## सरपंच प्रतिनिधि ने बेटे को स्वीपर पद पर कराया भर्ती, सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** सरपंच प्रतिनिधि ने न सिर्फ शाला प्रबंधन समिति पर दबाव बनाया बल्कि निजी स्वार्थ का लाभ लेने के लिए अपने बेटे को स्वीपर पद में भर्ती कराया। क्षेत्र के युवकों ने घटना की शिकायत विकासखंड शिक्षा अधिकारी से की तथा कार्रवाई करने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर बीईओ कार्यालय के सामने भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

- मसगा पंचायत मिडिल स्कूल में अंशकालीन स्वीपर पद में भर्ती को लेकर बवाल

ग्राम पंचायत मसगा मिडिल स्कूल में स्वीपर पद का भर्ती मनमानी रूप से किया गया है। ग्राम मसगा सरपंच तिहारो नागवंशी के पुत्र प्यारे लाल नागवंशी पंचायत को संचालित करता है। इसलिए व्यक्तिगत लाभ लेने के लिए प्यारेलाल अपने खास समिति अध्यक्ष व सदस्य सहित अन्य को रखा है। क्षेत्र के युवकों का आरोप है कि समिति के सदस्यों को खाना-पीन तथा रिश्वत देकर अपने पुत्र को स्वीपर पद पर काम करने के लिए समिति में अनुमोदन करके बीईओ कार्यालय भेजा है। मिडिल स्कूल में स्वीपर पद के भर्ती के लिए कई महीनों से चर्चाएं हो रही थी उस समय से ही प्यारे लाल क्षेत्र के युवाओं को स्पष्ट बोलता था कि स्वीपर पद में मेरा लड़का अनुराग नागवंशी का ही होगा। ग्रामीणों ने शाला प्रबन्धन समिति को भंग करने तथा नए समिति का गठन करने के बाद ही स्वीपर पद की भर्ती कराए जाने की मांग को लेकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धुर्वे से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञान में ग्रामीणों ने ग्राम मसगा मिडिल स्कूल में स्वीपर पद को निरस्त करते हुए पुनः पारदर्शिता के साथ योग्य युवाओं से आवेदन मंगाने तथा ग्राम सभा के समक्ष लाटरी सिस्टम से नियुक्त कराने की मांग की है। मांक पूरा नहीं होने पर युवकों ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है। इस दौरान बादल सूर्या, सुखराम कोड़ाकू रामविलास तिर्की व अन्य उपस्थित थे।

---

## निजी स्कूलों का निरीक्षण कराने की मांग, अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर/रेवटी

विकासखंड प्रतापपुर में निजी स्कूलों की मनमानी और नियमों का उल्लंघन करने को लेकर आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

कोरिया विभाग के विभाग संयोजक अंकुर पटेल ने बताया कि कई निजी स्कूलों में विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त भवन नहीं है जिससे छात्रों को खुले में या बरामदे में पढ़ना पड़ता है। कई स्कूलों में बच्चों को खेलने के लिए मैदान नहीं है। विद्यार्थियों को जितनी आवश्यकता पढ़ाई को होती है उतनी ही खेल की होती है जिससे उनका मानसिक विकास होता है। डांडकरवां नगर मंत्री रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी परिषद कभी भी शिक्षा में दलाली स्वीकार नहीं करेगा और जब जब लोगों द्वारा शिक्षा को व्यापार बनाने का प्रयास किया जाएगा तब विद्यार्थी परिषद शिक्षा के व्यापारीकरण का विरोध करेगा। विद्यार्थी परिषद पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सभी स्कूलों का निरीक्षण करने की मांग की है। इस दौरान शनि गुप्ता, अंकुश पटेल, किशन देवांगन, जितेंद्र कुशवाहा,अभय गुप्ता, सूरज पटेल, रतन पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



#### लोगों ने की कलेक्टर से शिकायत

स्थानीय रेस्ट हाउस में क्षेत्र के दौर में पहुंचे कलेक्टर को क्षेत्र के लोगों ने प्राइवेट स्कूल की मनमानी सहित शासन के नियम का पालन नहीं करने की शिकायत की। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रतापपुर विकासखंड अधिकारी सहित जिला शिक्षा अधिकारी को तलब किया और जांच के आदेश के बाद में स्कूल का लाइसेंस कैंसिल करने की बात कही।

---

## कार्यशाला में नई शिक्षा नीति के प्रावधानों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्तमान शिक्षा सत्र से राज्य के समस्त महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कर दिया गया है। इस शिक्षा नीति के तहत विभिन्न प्रावधानों और आयामों को लेकर पंडित रविशंकर त्रिपाठी महाविद्यालय व शासकीय नवीन महाविद्यालय ओडगी द्वारा संयुक्त प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।



महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर टीआर राहंगडाले ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रत्येक बिंदुओं और 1986 की शिक्षा नीति से नई शिक्षा नीति क्यों बेहतर है इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया। महाविद्यालय के छात्रों के सर्वांगीण विकास नई शिक्षा नीति में निहित है। नई शिक्षा नीति बहुविकल्पीय, बहु भाषाई व रोजगारपरक है। महाविद्यालयीन शिक्षा के साथ बेहतर करियर के निर्माण हेतु अपनाया जाना आवश्यक है। मास्टर ट्रेनर ने महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, कर्मचारियों के मन में इस नीति को लेकर उठे प्रश्न, जिज्ञासाओं को भी बारी बारी से चर्चा परिचर्चा के माध्यम से समझाया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भैयाथान और ओडगी महाविद्यालय के संयुक्त प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते की उपस्थिति और अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान दोनों महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कार्यालय कर्मचारी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI CHIRMIRI
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
पैट्रोल पंप के सामने, वार्ड नं..-1, पोड़ी, चिरमिरी, जिला - कोरिया (छ.ग.)
81098-66204 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### विधायक ने सर्वाधिक अंक से उत्तीर्ण छात्रों को किया सम्मानित

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में वर्ष 23-24 की 10वीं,12वीं की परीक्षा में सर्वाधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले छात्र, छात्राओं सहित अभिभावक को सम्मानित किया। विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा नव प्रवेश शाला उत्सव के अवसर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में वर्ष 2023-24 शिक्षा सत्र में विद्यालय के कुमारी श्रेया वर्मा पिता मनोज वर्मा माता निर्मला वर्मा को 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 96.16 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने तथा विद्यालय के अन्य छात्रों को 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया।

### लापता दो छात्रों के इंदौर में होने की मिली जानकारी

**बिश्रामपुर।** मार्निंग वॉक पर निकले दो छात्रों के अचानक लापता हो जाने के चार दिन गुजरने पश्चात उनके इंदौर में होने की सूचना प्राप्त हुई है।सूचना मिलने पर माइनर्स कॉलोनी निवासी परिजन ने सुकून की सांस ली है। जानकारी के अनुसार परिजन अब उन्हें लेने के लिए इंदौर रवाना हो गए हैं। गौरतलब है कि नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित स्वामी विवेकानंद इंग्लिश मीडीयम स्कूल के कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत दो किशोर क्रमशः सौरभ महाराणा आ. संतोष महाराणा 13 वर्ष व रोहित गुप्ता आ. नरेश गुप्ता 15 वर्ष एक जुलाई को प्रातः करीब चार बजे घर से प्रतिदिन की भांति मार्निंग वॉक पर स्टेडीयम जाने के लिए अपने घर से निकले थे। मार्निंग वॉक से दोनों बच्चे जब वापस घंटों बाद तक नहीं लौटे तब परिजन द्वारा उनकी तलाश शुरू की गई और मामले की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी गई। पुलिस ने सूचना पर अपहरण का मामला दर्ज कर बच्चों की तलाश के लिए स्कूल प्रबंधन सहित रिश्तेदारों व उनके स्कूली मित्रों से पूछताछ की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका था। मित्रों से पूछताछ में पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि दोनों बच्चे जगन्नाथपुरी जाने की बात कर रहे थे तथा उनके पास 900 रुपए भी होने की जानकारी मिली है जिसके आधार पर पुलिस उनके घर के आसपास रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की सीसी टीवी फुटेज खंगालने में जुटी थी। एक सीसीटीवी फुटेज में सुबह क़रीब साढ़े चार बजे दोनों छात्र बैग टांगकर पैदल भटगांव रोड जाते देखे गए थे। इसी बीच बुधवार 3 जुलाई की रात में परिजन के पास बच्चों ने फोन करके बताया कि वे दोनों गलती से भटककर मध्यप्रदेश के इंदौर शहर पहुंच गए हैं। बच्चों के इंदौर में होने की सूचना मिलते ही परिजन दोनों बच्चों को वापस घर लाने के लिए यहां से रवाना हो गए हैं।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिहारपुर।** चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम बेगारीडांड में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। बेगारीडांड निवासी चंदर साय (30वर्ष) गुरूवार को अपने खेत की सिंचाई करने गया था। वह मोटर पंप के बिजली तार को दूरूस्त कर रहा था। इस दौरान करंट की चपेट में आने के कारण वह अचेत होकर गिर पड़ा। सूचना पर परिजन तत्काल उसे स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की करंट से मौत होने से परिवार के सदस्य सदमें में हैं।

## पेज 1 का शेष...

### एसडीएम की मनमानी, थाने के...

कार्यों को लेकर आंदोलन के लिए चार दिन पूर्व एसडीएम, थाना में आवेदन दिया था। कांग्रेस का आंदोलन दोपहर दो बजे से होने वाला था। इस बीच सूरजपुर एसडीएम जगरनाथ वर्मा ने कांग्रेस नेताओं को बातचीत कर धरना प्रदर्शन को स्थगित करने के लिए बुलाया था। एसडीएम के बुलावे पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव अफरोज खान व एनएसयूआई के प्रदेश सचिव राजेश साहू कोतवाली थाने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि समझाइश के बाद भी जब कांग्रेस नेता नहीं माने तो एसडीएम ने खुद ही लाठी अपने हाथ में उठा ली और थाने के बाहर ही कांग्रेस नेताओं की डंडे और लात जूते से पिटाई शुरू कर दी। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे पत्रकार अनवर खान ने थाने के अंदर मारपीट होते देखा तो वे रुक गए और थाने के बाहर से खड़े होकर घटना की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करने लग गए। जब एसडीएम की नजर वीडियो बना रहे युवक पर पड़ी तो उन्होंने पुलिसकर्मियों से अनवर खान को पकड़वा लिया और सबसे पहले उसका मोबाइल फोन छीन लिया। इस दौरान अनवर खान ने उन्हें बताया कि वे एक पत्रकार हैं और अपनी रिपोर्टिंग कर रहे हैं लेकिन एसडीएम ने उनकी बातों को नहीं सुना। एसडीएम जगरनाथ वर्मा ने खुद ही पुलिस की लाठी से अनवर खान की बेदम पिटाई की। इतना ही नहीं जब मारपीट से पत्रकार जमीन पर गिर गया तो उन्होंने पत्रकार को जूते से भी मारा। इस बीच पुलिसकर्मियों ने पत्रकार को एसडीएम से बचाया और एसडीएम को थाने के अंदर ले गए। जबकि बाद में पत्रकार को भी थाने में बिठा लिया गया।

### गर्भवती महिला की हत्या...

पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजन ने मामले में जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में पुलिस द्वारा धारा 103, 115 के तहत अपराध दर्ज किया गया है और घटना की जांच जारी है। इस संबंध में एसडीओपी रामावतार धुर्वे ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला की हत्या किए जाने की बात सामने आई है। मामले में अपराध दर्ज कर पीएम उपरान्त लाश परिजन के सुपुर्द किया गया है। जांच व तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एनएच 130 पर अलकापुरी में हुई घटना, अन्नप्रासन में टेंट लगाकर लौट रहे थे दोनों युवक

# हाइवा की टक्कर में जनपद अध्यक्ष के पुत्र समेत दो युवकों की मौत



घटना स्थल पर लोगों की भीड़, इनसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर/डांड़गांव

एनएच 130 पर अलकापुरी डेंजर जोन में तब्दील हो गया है। आए दिन लोग एनएच पर दुर्घटना के शिकार हो रहे है। बीती रात पुनः एनएच पर एक तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आकर जनपद अध्यक्ष के पुत्र समेत दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद युवकों की बाइक हाइवा के नीचे फंस गई। इस दुर्घटना में सिर पर गंभीर चोट आने से दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को अस्पताल भेजा गया। वहीं आज सुबह शवों का पीएम करने के बाद उन्हें परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक टेंट पंडाल का काम करते थे और बीती रात भी टेंट लगाकर अपने गांव वापस लौट रहे थे।

**खास बात**

- ओवरटेक करने के चक्कर में हुई घटना

बता दें कि उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी के जगन्नाथपुर निवासी 32 वर्षीय आशीष पैकरा समाजसेवी गंगाराम पैकरा व जनपद अध्यक्ष लखनपुर मोनिका सिंह के पुत्र थे। आशीष खुद का टेंट का व्यवसाय भी करते थे। बुधवार की रात आशीष अपने साथी 30 वर्षीय सेवक राम के साथ अन्नप्रासन कार्यक्रम में टेंट लगाने लखनपुर गए थे और टेंट का काम करने के बाद बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 6727 से वापस उदयपुर लौट रहे थे। रात लगभग 9 बजे अलकापुरी पेट्रोल पंप के समीप उन्होंने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया इसी दौरान उदयपुर से अंबिकापुर की ओर जा रहे हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 15 डीपी 2499 से युवकों की टक्कर हो गई। दुर्घटना में सिर कुचलने से आशीष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सेवक राम राजवाड़े भी सड़क पर जाकर गिरा और रगड़ खाकर सिर में लगी चोट के कारण उसकी भी मौत गई। घटना के बाद युवकों की बाइक हाइवा के नीचे फंसी थी जिसे वाहन चालक 50 मीटर तक घसीटते ले गया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को अस्पताल भेजने के साथ ही वाहनों को जब्त किया गया।

#### आज सुबह हुई शिनाख्त

देर रात हुई घटना के बाद मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। आज सुबह पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर मृतक की पहचान कर परिजन को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे। आज सुबह शवों की शिनाख्त होने के पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। सड़क हादसे में जनपद अध्यक्ष के पुत्र समेत एक ही गांव से दो लोगों की मौत से जगन्नाथपुर में शोक का माहौल है। गमगीन माहौल में देर शाम अंतिम संस्कार किया गया।

#### आए दिन हो रही घटनाएं

एनएच 130 पर अलकापुरी मोड़ ब्लैक स्पॉट बनता जा रहा है। इसी स्थान पर विगत कुछ माह में हादसों के कारण आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सड़क पर बना कर्व काफी खतरनाक है और तेज रफ्तार के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

### पीछे से ट्रक में जा घुसे बाइक सवार, वीडियो हुआ वायरल



**लखनपुर।** एनएच 130 पर दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। अलकापुरी में हाइवा की टक्कर से दो युवकों की मौत के बाद बीती रात एक अन्य हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ग्राम केसगंवा निवासी अरविंद और विकास बाइक क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 4476 से अंबिकापुर गए हुए थे और रात को वापस केसगंवा लौट रहे थे। इस दौरान थाना अंतर्गत नवापारा में आगे चल रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अपने वाहन को धीमा कर दिया। इसी बीच पीछे से आ रहे बाइक सवार अपने वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाए और सीधे ट्रक में जाकर घुस गए। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच एनएच किनारे एक युवक वाहनों का वीडियो बना रहा था और पूरी घटना वीडियो में कैद हो गई। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। बड़ी बात यह है कि एनएच 130 पर नवापारा और रजपुरी डेंजर जोन बनते जा रहे है और एक वर्ष के भीतर नवापारा व रजपुरी के बीच दस से अधिक लोगों की मौतें हो चुकी है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बतौली/सेदम।** एनएच 43 भंडार डांड़ पुलिया के समीप विपरीत दिशा से आ रहे खीरा लोड पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल का उपचार स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सरमना निवासी उमेश्वर आ. भीमल (35 वर्ष) आज दोपहर गांव के ही भूखन के साथ बाइक से बतौली बाजार खरीदारी करने आए थे। शाम को दोनों बतौली से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही एनएच 43 भंडारडांड़ पुलिया के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे खीरा लोड पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। पिकअप की टक्कर से उमेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है।

## सेमरसोत में पुलिया से नीचे गिरा ट्रेलर केबिन के नीचे दबकर दो की मौत

**चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाले गए शव, बलौदाबाजार से बिहार जा रहा था ट्रेलर**



**बलरामपुर/राजपुर।** गुरुवार की दोपहर सेमरसोत के समीप पुलिया को तोड़ते हुए क्लिंकर लोड ट्रेलर नीचे पलट गया। दुर्घटना के बाद चालक व परिचालक केबिन में ही बुरी तरह से फंस गए और उनपर कई टन क्लिंकर गिर गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा चार घंटे की कड़ी मशक्क के बाद क्लिंकर हटाकर केबिन से दोनों के शवों को बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस द्वारा फिलहाल मर्ग कायम कर मृतकों की शिनाख्त कर ली गई और परिजन को घटना की जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर क्रमांकक सीजी 22 एक्स 8452 बलौदाबाजार से क्लिंकर लोड कर औरंगाबाद बिहार जा रहा था। इस दौरान दोपहर लगभग 2.30 बजे जैसे ही ट्रेलर एनएच 343 पर सेमरसोत रेस्ट हाउस के समीप खतरनाक मोड़ वाली पुलिया के समीप पहुंचा तो चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार ट्रेलर पुलिया की रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिर गया। इस दुर्घटना में ट्रेलर का केबिन पूरी तरह से दब गया और उसके ऊपर ट्राला में मौजूद क्लिंकर गिर गया जिससे केबिन क्लिंकर के नीचे दब गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पस्ता थाना की पुलिस प्रभारी विमलेश सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। घटना के बाद चालकों के वाहन में ही बुरी तरह दबे होने की आशंका के आधार पर पुलिस द्वारा जेसीबी की मदद से पहले क्लिंकर को हटाया गया। क्लिंकर हटाने के बाद केबिन में फंसे चालक व परिचालक के शव बाहर निकाले गए। इस दौरान दोनों शवों को बाहर निकालने में 6.30 बज गया। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकालकर फिलहाल मर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस द्वारा ट्रेलर के मालिक से सम्पर्क कर चालकों की पहचान की गई। मृतकों की पहचान औरंगाबाद बिहार निवासी चालक 40 वर्षीय नरेंद्र कुमार व परिचालक 34 वर्षीय अजित कुमार के रूप में की गई है। दुर्घटना में ट्रेलर के केबिन में दबने और क्लिंकर के भार से दोनों का शव क्षत विक्षत हो गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

## परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट सैकड़ों छात्रों ने किया विवि का घेराव, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट सैकड़ों छात्रों ने आजाद सेवा संघ के बैनर तले आज रैली निकाल कर विश्वविद्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। परीक्षा परिणाम में जीरो अंक पाने से छात्रों में काफी आक्रोश नजर आए। साथ ही विश्वविद्यालय प्रबंधन से उत्तर पुस्तिका की पुनःमूल्यांकन करने के साथ रिचेकिंग की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की।

- आजाद सेवा संघ के नेतृत्व में निकाली गई रैली




विश्वविद्यालय के सामने प्रदर्शन करते छात्र।

आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया कि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023-24 के परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था जिसमें बीएससी बॉटनी एवं केमिस्ट्री पेपर के अतिरिक्त विषयों के परिणाम से छात्र असंतुष्ट थे। कई छात्रों को परीक्षा परिणाम में शून्य नंबर दिया गया वहीं परीक्षा में उपस्थित कई छात्रों को अनुपस्थित करार दिया गया है। कुछ दिनों पूर्व ही आजाद सेवा संघ द्वारा विश्वविद्यालय को ज्ञापन सौंपा गया था। जिस पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर आज सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने आजाद सेवा संघ के बैनर तले घड़ी चौक के समीप देवीगंज रोड से रैली निकाल कर विश्वविद्यालय का घेराव किया। आजाद सेवा संघ के पदाधिकारी और छात्रों ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया तथा समस्या के समाधान करने की बात कही। इस बीच छात्रों ने मोबाइल से सरगुजा के सांसद चिंतामणि महाराज से बात की। छात्रों की समस्या सुन सरगुजा सांसद ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से बात कर समस्या के निराकरण पर चर्चा करने की बात कही। इधर आजाद सेवा संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने छात्रों को कोई भी उचित आश्वासन नहीं दिया गया। उल्टा पूरा गलती सिर्फ छात्रों को ठहराया। संघ एवं छात्रों द्वारा सिर्फ दो दिन का समय दिया गया है। दो दिन के अंतराल में विश्वविद्यालय ने छात्रों के हित में फैसला नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में लगभग 5 हजार की संख्या के साथ विश्वविद्यालय का घेराव किया जाएगा। कुल सचिव ने बताया की छात्र परीक्षा परिणाम को लेकर असंतुष्ट है। प्रोफेसर के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कराई गई है, सभी छात्रों का वही नंबर आना पाया गया है।

## 1.14 करोड़ के धान गबन मामले में खरीदी केंद्र प्रभारी व फंड मुंशी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





महावीरगंज धान उपार्जन केंद्र में 1 करोड़ 14 लाख रुपए के धान गबन मामले में पुलिस ने केंद्र प्रभारी और फड़ मुंशी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही इस मामले में 10 अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपियों को विजयनगर पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल दाखिल करा दिया गया है। बता दें कि बलरामपुर जिले के रामानुजगंज के महावीरगंज के अंतर्गत आने वाले धान उपार्जन केंद्र विजयनगर में 3576.18 क्विंटल धान की बोगस खरीदी का मामला सामने आया था। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने खरीदी केंद्र प्रभारी, फड़ मुंशी समेत 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

- दस अन्य आरोपियों की तलाश जारी, फर्जी तरीके से 3576 .18 क्विंटल धान गबन का मामला

इस मामले में अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक समिति में समर्थन मूल्य पर कुल 77643.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। धान खरीदी के बाद कुल 74066.82 क्विंटल धान का उठाव किया गया जबकि शेष धान समिति में नहीं मिला। ऐसे में फर्जी तरीके से किसानों की एंट्री कर धान खरीदी की संभावना पर मामले की जांच अधिकारी बी तिर्की द्वारा जांच की गई। जांच में यह पुष्टि हुई कि खरीदी प्रभारी मंजर अंसारी ने 9491.20 क्विंटल धान खरीदी की और 9491.20 क्विंटल धान का उठाव किया गया। खरीदी केंद्र प्रभारी बदले जाने के बाद आरिफ अंसारी ने कुल 68152.40 क्विंटल धान खरीदी की और 64576.22 क्विंटल धान का उठाव कराया गया जबकि शेष 3576.18 क्विंटल धान का आरिफ अंसारी ने उठाव नहीं कराया। गायब 3576.18 क्विंटल धान की कीमत 1 करोड़ 10 लाख 86 हजार 158 रुपए और 12 हजार 983 नग बारदाना की कीमत 3 लाख 24 हजार 575 रुपए समेत कुल राशि 1 करोड़ 14 लाख 10 हजार 733 रुपए लगाई गई है। धान कम मिलने पर खाद्य अधिकारी ने जांच प्रतिवेदन के साथ मामले की शिकायत 1 जुलाई को रामानुजगंज थाने में शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद खरीदी केंद्र प्रभारी आरिफ अंसारी सहित फड़ प्रभारी मतीन और कर्मचारी जियाउल अंसारी, संतोष यादव, सुनील, दिनेश, सकेन्द्र, महबूब, संतू लाल, अवधेश, शिवकुमार और बारदाना प्रभारी गुलाब सिंह धारा 409 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में खरीदी केंद्र प्रभारी गम्हरिया निवासी आरिफ अंसारी आ. समदानी अंसारी, व फंड मुंशी विजयनगर निवासी महबूब आलम आ. अमीनुद्दीन को हिरासत में गिरफ्तार किया गया है जबकि शेष दस आरोपियों की तलाश जारी है।

## सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। दोनों ही घटनाओं में जमीन पर सोने के दौरान ही जहरीले सांप ने काट लिया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम पशुपतिपुर निवासी राम सुंदर आ. गणेश (27 वर्ष) बीती रात कमरे में जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात लगभग 2 बजे करैत सांप ने काट लिया। सांप के काटने की जानकारी लगते ही परिजन उसे वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक को आपातकालीन केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में चांदो थाना अंतर्गत ग्राम मंडवा निवासी बुधेश्वर नाग आ. स्व.अमित नगेसिया (35 वर्ष) बीती रात पत्नी के साथ जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन बुधेश्वर को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बिजली की लचर व्यवस्था, युकां ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था तथा लोगों को हो रही परेशानी को लेकर आज युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने विद्युत कार्यालय का घेराव किया। साथ ही बिजली व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

युवा कांग्रेस सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक शांतनु सिंह ने बताया कि क्षेत्र में आए दिन विद्युत विभाग द्वारा लाइट की कटौती की जा रही है। ऐसे में क्षेत्र के किसानों को खेती करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खेत में सिंचाई नहीं होने से धान की फसल की पैदावार पर भी इसका असर पड़ सकता है। इसके अलावा बिजली नहीं होने से लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। युवा कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बिजली व्यवस्था में सुधार करने की मांग



की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान आशीष सिंह, दिलीप जायसवाल, राहुल सिंह, विनय पावले, विनय पैकरा, देव सैनी, कांता प्रसाद, राजेश, गोलू , विपेश, अभय जायसवाल के अलावा प्रशासन की ओर से विद्युत विभाग के एई, तहसीलदार, थाना प्रभारी संजय राठौर सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## 5 किलो गांजा के साथ सप्लायर व खरीददार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तस्कर व सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया है।



जानकारी के अनुसार 3 जुलाई को लुंड्रा पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी। इस दौरान नागम बांसपारा पुलिया के समीप पंडरापाट कैलाश गुफा की ओर से बाइक सवार आता हुआ नजर आया लेकिन बाइक सवार पुलिस को देखने के बाद भागने लगा। पुलिस ने बाइक सवार का पीछा कर पकड़ा तो युवक की पहचान नागम निवासी 28 वर्षीय जोधन राम के रूप में की गई। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद प्लास्टिक झोले से 5.187 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस दौरान आरोपी ने पूछताछ के दौरान पत्थलगांव निवासी सद्दाम से गांजा खरीदने की बात स्वीकार की। पुलिस द्वारा मामले में घेराबंदी कर पत्थलगांव शांतिनगर निवासी 31 वर्षीय सद्दाम के रूप में की गई। आरोपी ने जोधन राम नागेश को अवैध मादक पदार्थ सप्लाई करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से 2 नग बाइक, एक मोबाइल फोन व गांजा जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लुन्ड्रा शिशिरकान्त सिंह, सउनि रामकरण राजवाड़े, प्रधान आरक्षक सत्यनारायण पाल, आरक्षक दीपक पाण्डेय, हेमंत लकड़ा, निरंजन बड़ा, वीरेंद्र खलखो, शिव खलखो, विनोद केरकेट्टा शामिल रहे।

हरिभूमि आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736